# राजस्थान पशुचिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय बीकानेर

## *विश्वविद्यालय के प्रबंध बोर्ड की ग्यारहवीं बैठक*
*(दिनांक 30 जून, 2013)*
*का*

## कार्यवाही विवरण

विश्वविद्यालय के प्रबंध मण्डल की ग्यारहवीं बैठक दिनांक 30 जून, 2013 को माननीय कुलपति प्रो. ए. के गहलोत की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित सदस्यों की सूचि **संलग्नक–1** पर है।

| एजेंडा सं. | प्रस्ताव एवं निर्णय |
|---|---|
| 11/ए | विश्वविद्यालय द्वारा अब तक की गई प्रगति का संक्षिप्त विवरण मौखिक रूप से माननीय कुलपति द्वारा सदन में पेश। |
| | माननीय कुलपति महोदय ने सभी सदस्यों व आगंतुकों का स्वागत करते हुये बोर्ड की पिछली बैठक के पश्चात् विश्वविद्यालय ने आशातीत प्रगति के बारे में सभी सदस्यों को अवगत करवाया।<br><br>बैठक के शुभारम्भ में नवसृजित राजुवास गीत को सुनाया गया। सभी सदस्यों ने विश्वविद्यालय के इस प्रयास की प्रशंसा करते हुए बताया कि इस गीत में विश्वविद्यालय की शिक्षण, अनुसंधान एवं विस्तार गतिविधियों का सुन्दर वर्णन किया गया है। सभी उपस्थित सदस्यों को राजुवास गीत की एक सी.डी. भी भेंट की गई। माननीय कुलपति महोदय प्रो. ए.के. गहलोत ने सदन को अवगत कराया कि इस गीत की सी.डी. को महामहिम राज्यपाल महोदया द्वारा दिनांक 10 जून, 2013 को राजभवन, माउंट आबू में रिलीज किया था। साथ ही कुलपति महोदय ने बताया कि महामहिम महोदया के निर्देशुनसार उक्त कार्यक्रम में विश्वविद्यालय द्वारा ट्राईबल सब–प्लान क्षेत्रों में पशुपालन संबंधी सर्वे का एक प्रेजेन्टेशन किया गया जिसे उनके द्वारा सराहा गया तथा वास्तविक सर्वे (Real Survey) का दर्जा दिया व इस कार्य से प्रसन्न होकर महामहिम कुलाधिपति महोदया द्वारा सिरोही जिले के जनजातिय क्षेत्र के सर्वे हेतु कार्य की जिम्मेदारी भी राजुवास को सौंपी। सर्वे के दौरान उस क्षेत्र से संबंधित लोगों की आजिविका, कृषि एवं पशुपालन संबंधी जानकारी संधारित करने के निर्देश भी दिये। कुलपति महोदय ने जानकारी दी कि इस संबंध में सर्वे प्रपत्रों को तैयार कर पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय, नवानिया, वल्लभनगर द्वारा सर्वे शुरू कर दिया गया है एवं आने वाले 3–4 सप्ताह में वांछित सर्वे की जानकारी संकलित कर रिपोर्ट महामहिम महोदया को सौंप दी जायेगी।<br><br>तदुपरांत, माननीय कुलपति महोदय द्वारा राज्य सरकार एवं कुलाधिपति महोदया द्वारा उन्हें विश्वविद्यालय के दूसरे कार्यकाल की नियुक्ति जो कि आगामी तीन वर्षों के लिए की गई है, के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि इस जिम्मेदारी के लिए उनके द्वारा |

विश्वविद्यालय के चहुंमुखी विकास के और अधिक प्रयास किये जायेंगे।

माननीय कुलपति महोदय ने सदस्यों को बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा 9 जून, 2013 को विभिन्न संघटक एवं एफिलियेटेड पशुचिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालयों में छात्रों के प्रवेश हेतु आर.पी.वी.टी–2013 का सफलतापूर्वक आयोजन कर लिया गया है तथा अतिशीघ्र इस परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया जायेगा एवं तत्तपश्चात काउंसलिग प्रक्रिया प्रारंभ की जायेगी। साथ ही बताया गया कि आगामी सत्र 2013–14 हेतु निजी महाविद्यालय एवं डिप्लोमा संस्थानों के वार्षिक निरीक्षण संबंधी कार्य को भी पूरा कर लिया गया है एवं निरीक्षण की रिपोर्ट के आधार पर अकादमिक परिषद की पिछली बैठक दिनांक 28.6.2013 में प्रोविजनल एफिलियेशन का अनुमोदन कर दिया गया है।

माननीय कुलपति प्रो. गहलोत ने बताया कि वित्त समिति की बैठक दिनांक 20 जून, 2013 को आयोजित की गई जिसमें आगामी वित्तीय वर्ष 2013–14 हेतु रू. 118.72 करोड़ का बजट पारित किया गया जो पिछले वर्ष के बजट, रू. 84 करोड़ से लगभग 36.00 करोड़ से भी अधिक है। उन्होंने दिनांक 30 मई, 2013 को दिल्ली में DDG (Animal Science) एवं DDG (Education) के साथ हुए विचार विमर्श की जानकारी दी व बताया गया कि विश्वविद्यालय को तीन AICRP (दो पुरानी, 12वी पंचवर्षीय योजना से संबंधित तथा एक नया AICRP- पोषक तत्वों द्वारा गायों में प्रजनन क्षमता बढ़ाना) स्वीकृत किये गये हैं जिसके लिए CIRG एवं NIANP को सहमति भेज दी गई है। विश्वविद्यालय द्वारा इस हेतु तीन एम.ओ.यू. अतिशीघ्र हस्ताक्षरित किये जायेंगे। इनमें दो AICRPs goats पर तथा एक Enhancing Reproductive Efficiency in Cattle से संबंधित है।

सदन को अवगत कराया गया कि 17 जून, 2013 को आयोजित आर.के. वी.वाई की एस.एल.एस.सी. की बैठक में विश्वविद्यालय को पहले से स्वीकृत 17 विभिन्न परियोजनाओं के संचालन हेतु 22 करोड़ की राशि स्वीकृत की गई है जो पिछले वर्ष लगभग रू. 12.00 करोड़ ही थी। उक्त बैठक में उपस्थित डॉ. के. विजय कुमार, संयुक्त आयुक्त, पशुपालन, भारत सरकार ने आश्स्वत किया कि राजुवास को अतिरिक्त बजट उपलब्ध करवाया जायेगा।

टी.एस.पी. एरिया में राजुवास को तीन निम्न नये प्रोजेक्ट्स की स्वीकृति प्रदान की गई है :–

1. ट्रेनिंग हब
2. मोबाईल यूनिट
3. हरा चारा प्रशिक्षण

माननीय कुलपति महोदय ने बताया कि 12–13 अप्रैल, 2013 को चैन्नई में तनुवास एवं पशुपालन विभाग, भारत सरकार द्वारा आयोजित सेमीनार में राजुवास को Trainings for skill development के लिए परिसर चिन्हित करने के लिए कहा गया एवं एक कमेटी का गठन कर Skill development हेतु कोर्स मोड्यूल तैयार करने का अनुरोध किया गया।

| | |
|---|---|
| | माननीय कुलपति महोदय ने बताया कि पिछली अकादमिक परिषद की बैठक में यू.जी. सी. के प्रावधानों अनुसार "Institutional Quality Assurance Committee" के गठन का निर्णय लिया गया है जिसमें क्वालिटी एसेस करने हेतु विश्वविद्यालय से बाहर के सदस्यों को भी एक्सपर्ट के रूप में सम्मिलित किया जायेगा। उन्होंने ने यह जानकारी दी कि दिनांक 2.7.2013 को पंजाब राज्य से 20 पशु चिकित्सकों का दल बकरी पालन संबंधी प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु राजुवास आयेगा। ज्ञातव्य है कि कुछ समय पूर्व छत्तीसगढ़ राज्य के पशु चिकित्सकों एवं पेरा–वेट्स कार्मिकों को ऐपैक्स सेन्टर द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया था।<br>उपस्थित सदस्यों को माननीय कुलपति महोदय ने बताया कि माननीय मुख्यमंत्री महोदय की बजट घोषणा के अनुरूप कोडमदेसर में साहिवाल कैटल ब्रीडिंग फार्म की स्थापना अतिशीघ्र की जा रही है जिस हेतु राशि रू. 15.00 करोड़ स्वीकृत की जा चुकी है जिसमें रू. 435.00 लाख विश्वविद्यालय को स्वीकृत भी हो चुके हैं। साथ ही बताया कि स्टेट प्लान के अन्तर्गत राशि रू 8.94 करोड़ प्रथम किश्त के रूप में प्राप्त हो चुके हैं। विश्वविद्यालय द्वारा नवीन अनुसंधान तकनीकों एवं विस्तार शिक्षा की जानकारी पशुपालकों तक पहुंचाने के लिए हिन्दी भाषा में एक "पत्रिका" अगले माह से जारी की जा रही है जिसे ग्राम पंचायत स्तर पर पहुंचाने के प्रयास विश्वविद्यालय द्वारा किये जायेंगे। इस पत्रिका में विज्ञापन आदि भी सम्मिलित किये जायेंगे ताकि इससे प्राप्त राशि से कालांतर में पशुपालकों को पत्रिका न्यूनतम कीमत अथवा निःशुल्क उपलब्ध करवाई जा सके। |
| | बैठक में उपस्थित सदस्यों द्वारा विश्वविद्यालय की प्रगति की सराहना की गई तथा आशा व्यक्त की गई कि माननीय कुलपति प्रो. ए.के. गहलोत के द्वितीय कार्यकाल में उनके निर्देशन में विश्वविद्यालय तीव्रोत्तर गति से प्रगति करेगा एवं नई ऊँचाइयों को छूने का प्रयास करेगा।<br>माननीय कुलपति प्रो. ए.के. गहलोत के उक्त उद्बोधन के पश्चात् विभिन्न एजेन्डा पर कार्यवाही विधिवत् रूप से प्रारंभ की गई। |
| 11/बी | प्रबंध मंडल की गत बैठक दिनांक 02.04.2013 के कार्यवाही विवरण का अनुमोदन |
| | प्रबंध मण्डल की गत बैठक दिनांक 02.4.2013 के कार्यवाही विवरण का अनुमोदन इस आशय के साथ किया गया कि Resolution No. 10/K के अन्तर्गत Schedule D के कॉलम सं. 4 व 5 में तकनीकी सहायकों के पदों पर पदोन्नति के लिए एजेन्डा के पृष्ठ सं. 15 पर अंकित निम्न पदनाम भी जोड़े जावे– Stockman/Vety. Compunder/Inseminator |
| 11/सी | गत बैठक दिनांक 02.04.2013 की कार्यवाही की पालना रिपोर्ट (Action Taken Report) का अनुमोदन। |
| | सदन द्वारा बैठक दिनांक 02.04.2013 की कार्यवाही की पालना रिपोर्ट (Action Taken Report) का निम्न सुझावों के साथ अनुमोदन किया गया –<br>10/एल – विश्वविद्यालय स्तर पर इस प्रकार के सभी मामलों की जांच कर समरूप कार्यवाही की जावे।<br>10/ओ – वार्षिक प्रतिवेदन की 10 प्रतियाँ प्रशासनिक विभाग (पशुपालन विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर) को प्रेषित की जावे। |

| | |
|---|---|
| 11/डी | वित्त समिति की तृतीय बैठक दिनांक 20.06.2013 के कार्यवाही विवरण का अनुमोदन |
| | सदन द्वारा वित्त समिति की तृतीय बैठक दिनांक 20.06.2013 के कार्यवाही विवरण का अनुमोदन किया गया। |
| 11/ई | विश्वविद्यालय द्वारा पारित आदेशों का अनुमोदन |
| | सदन द्वारा एजेन्डा के पृष्ठ सं. 64–124 पर अंकित विश्वविद्यालय द्वारा पारित आदेशों का निम्न शर्त के साथ अनुमोदन किया गया।<br>एजेन्डा के पृष्ठ सं. 66 पर अंकित तालिका के बिन्दु सं. 7 को बिन्दु सं. 6 में समाहित किया जाये एवं पारिश्रमिक............... रू. 4600/– 26 दिन में विभाजित किया जाय। एवं तद्नुसार 30 दिनों के भुगतान की गणना की जाये।<br><br>यह भी निर्णय लिया गया कि विश्वविद्यालय द्वारा प्रसारित प्रत्येक आदेश जो प्रबंध मण्डल से अनुमोदित हो पर एक सील लगायी जावें जिस पर BOM का Resolution No. & Date अंकित हो। |
| 11/एफ | To consider nomination of one member of All India Council for Technical Education (AICTE) out of the panel of names received from the AICTE, New Delhi vide their letter No. F.No. 24/AICTE(UB)N/32012-13 dated April 22, 2013 , to serve as member on the Selection Committee for Direct Recruitment of Teachers of Engineering Branch. |
| | सदन द्वारा ए.आई.सी.टी.ई से प्राप्त पैनल में से एक सदस्य को इंजीनियरिंग के पदों पर चयन हेतु चयन समिति में सम्मिलित करने हेतु मनोनयन करने के लिए माननीय कुलपति महोदय को अधिकृत किया गया साथ ही ऐग्रीकल्चर फैकल्टी से संबंधित पदों पर चयन हेतु आई.सी.ए.आर. से पैनल प्राप्त होने पर एक सदस्य को चयन समिति में सम्मिलित करने हेतु मनोनयन करने के लिए भी माननीय कुलपति महोदय को अधिकृत किया। |
| 11/जी | To consider minutes of the meeting held on 08.06.2013 regarding various issues related to Director Works office. |
| | सदन द्वारा दिनांक 8.6.2013 को निदेशक कार्य (Director Works)से संबंधित बैठक में लिये गये निर्णयों का अनुमोदन किया। इस संबंध में संबंधित अधिकारियों द्वारा आदेश जारी किये जायेंगे। |
| 11/एच | To adopt the Government order No. F. 3(13)Edu./4/95 dated 01.12.1998 containing the guidelines for in Service & Terminal Benefits to the Vice-Chancellor of the Universities in the State, in the rules & regulations of the RAJUVAS, Bikaner since inception. |
| | सदन द्वारा order No. F. 3(13)Edu./4/95 dated 01.12.1998 को राजुवास में इसकी स्थापना के समय से लागू करने का अनुमोदन किया गया। इस संबंध में विश्वविद्यालय के नियमों में सम्मिलित करने संबंधी आवश्यक आदेश जारी किये जायें। |
| 11/आई | To report the order No. F.37(2)RB/2010/4380 dated 17 May, 2013 from H.E. the Governor & Chancellor, RAJUVAS, that Prof. A.K.Gahlot shall carry on the functions of the Vice-Chancellor, RAJUVAS till are regular Vice-Chancellor is appointed, or till further orders for a period not exceeding a total of one year whichever is earlier. |
| | सदन द्वारा इसे note किया गया। |
| 11/जे | To consider minutes of the Seventh meeting of the Academic Council held on 28.06.2013. |
| | सदन द्वारा दिनांक 28.6.2013 को आयोजित सातवीं अकादमिक परिषद की बैठक का अनुमोदन किया गया। साथ ही यह निर्णय भी लिया गया कि डिप्लोमा संस्थानों को |

| | |
|---|---|
| | उचित जानकारी देने के लिए एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन विश्वविद्यालय द्वारा किया जाये। |
| 11/के | To consider minutes of the High Power Committee meeting held on 27-06-2013 |
| | सदन द्वारा हाई पावर कमेटी के कार्य विवरण को निम्न सुझावों के साथ अनुमोदित किया गया – बिन्दु सं. 4 व 5 के संदर्भ में सभी कर्मचारियों का Comprehensive Review कर वित्तीय भार की गणना का प्रतिवेदन प्रबंध मण्डल की अगली बैठक में अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किया जाये। |
| 11/एल | अन्य कोई एजेंडा अध्यक्ष महोदय की अनुमति से । |
| 11/एल–1 | To report the order No. F.37(2)RB/2010/5440 dated 28th June,2013 from H.E. the Governor & Chancellor, RAJUVAS, regarding appointing Prof. A.K.Gahlot as Vice-Chancellor, RAJUVAS for a second term for a period of three years from the date he enters upon his office or until he attains the age of Seventy years, which ever is earlier. |
| | महामहिम कुलाधिपति महोदया द्वारा प्रो. ए.के. गहलोत, को कुलपति के पद पर द्वितीय टर्म के लिए नियुक्ति प्रदान करने के संदर्भ में सदन की ओर से आभार व्यक्त करने हेतु धन्यवाद पत्र राज्य सरकार एवं महामहिम कुलाधिपति महोदया को भेजा जाये। |
| 11/एल–2 | To consider amendment in the tenure of Vice-Chancellor Rajasthan University of Veterinary & Animal Sciences, Bikaner as 5 Years in place of 3 Years Under Section 24 (4) of RAJUVAS Act, 2010. |
| | निर्णय लिया गया कि राजुवास के अधिनियम की धारा 24(4) के अन्तर्गत कुलपति महोदय के कार्यकाल की अवधि को तीन वर्ष के स्थान पर पाँच वर्ष (अन्य विश्वविद्यालयों की तर्ज पर) के लिए संशोधन करने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के लिए राज्य सरकार को निवेदन किया जाये। सदन का मत था कि यू.जी.सी. के निमयानुसार एवं ICAR Modal Act में प्रावधानों के अनुसार कुलपति का कार्यकाल पांच वर्ष होना चाहिये। राज्य में Sister University-RUHS में भी कुलपति के पांच वर्ष के कार्यकाल का संशोधन किया जा चुका है। |
| 11/एल–3 | विश्वविद्यालय द्वारा पारित आदेशों का अनुमोदन |
| | सदन द्वारा एजेन्डा के पृष्ठ सं. 4 से 12 पर अंकित आदेशों का अनुमोदन किया गया। |
| 11/एल–4 | To release the four publicatoins of the different Instituions: |
| | सदन द्वारा निम्न प्रकाशनों को रीलिज किया गया –<br>1. स्वच्छ दुग्ध उत्पादन का महत्व– लेखक डॉ. पी.डी. स्वामी, डॉ. विवेक खंडाईत एवं डॉ. वी.के चौधरी, पशुचिकित्सा पशुपालन प्रसार शिक्षा विभाग पशुचिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय, बीकानेर<br>2. Enhancement of produciton and breeding efficiency in cattle and buffaloes by area specific mineral mixture supplementation - Dr. Sheela Choudhary, Principal Investigator, PGIVER, Jaipur<br>3. Haematology of Wild Animals - By Prof. A.K. Kataria, College of Veterinary and Animal Science, Bikaner.<br>4. Wild Life Sanctuaries of India - By Prof. A.K. Kataria, College of Veterinary and Animal Science, Bikaner. |

The meeting ended with thanks to the Chair.

Ramesh Rao 12/7/13

**REGISTRAR**

No. F.(2)/RAJUVAS/Estt/BOM-11/2013/ 484 Dated: 12/7/13

Copy for information and necessary action to:

1. PS to Vice-Chancellor, RAJUVAS, Bikaner for kind perusal of the Hon'ble Vice-Chancellor.
2. All Hon'ble members of Board of Management, RAJUVAS, Bikaner.
3. All Deans/Directors/University Officer, RAJUVAS, Bikaner.

12/7/13

**REGISTRAR**

**Annexure-1**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Dr. A.K. Gahlot | **In Chair** |
| 2. | Dr. N.V. Patil, N.R.C. on Camel, Jorbeer, Bikaner | Member |
| 3. | Sh. Vijay Singh Loyal, Jhunjhunu | Member |
| 4. | Smt. Krishna Solanki, Jaipur | Member |
| 5. | Dr. Ravinder Kumar, V.C.I. Nominee | Member |
| 6. | Dr. B.K. Beniwal, Dean, CVAS, Bikaner | Member |
| 7. | Dr. S.B.S. Yadav, Professor, | Member |
| 8. | Dr.N.M.Singh, Asstt. Director (Rep. of Dir. A.H.) | Member |
| 9. | Dr. C.K. Murdia, Director, Extension Education | Invitee |
| 10. | Sh. Y.K. Singh, Comptroller | Invitee |
| 11. | Dr. R.N. Kachhawah, Dean, Student Welfare | Invitee |
| 12. | Dr. G.S. Manohar, Dean, PGS | Invitee |
| 13. | Dr. S.S. Soni, C.O.E. | Invitee |
| 14. | Dr. Tribhuwan Sharma, Director, P.M.E. | Invitee |
| 15. | Sh. Basant Kumar Acharya, Director Works | Invitee |
| 16. | Dr. Anil Kumar, O.S.D. | Invitee |
| 17. | Dr. Shekhar Bhargav, O.S.D. | Invitee |
| 18. | Dr. Rakesh Rao, Registrar | **Member** Secretary |